प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

27 मार्च 2025

## अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की ऋण और जमा ब्याज दरें – मार्च 2025

मार्च 2025 माह के दौरान प्राप्त अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और लघु वित्त बैंकों को छोड़कर) की ऋण और जमा ब्याज दरों के आंकड़े तालिका 1 से 7 में दर्शाए गए हैं।

**मुख्य बातें:**

**ऋण दरें:**

- एससीबी के नए रुपया ऋणों पर भारित औसत उधार दर (डब्ल्यूएएलआर) फरवरी 2025 में 9.40 प्रतिशत (जनवरी 2025 में 9.32 प्रतिशत) रही।
- एससीबी के बकाया रुपया ऋणों पर डब्ल्यूएएलआर जनवरी 2025 में 9.87 प्रतिशत से घटकर फरवरी 2025 में 9.80 प्रतिशत हो गई।[1]
- एससीबी की एक वर्ष की माध्यिका निधि की सीमांत लागत आधारित उधार दर (एमसीएलआर) फरवरी 2025 में 9.05 प्रतिशत से घटकर मार्च 2025 में 9.00 प्रतिशत हो गई।
- एससीबी के कुल बकाया अस्थिर दरों वाले रुपया ऋणों में बाह्य बेंचमार्क आधारित उधार दर (ईबीएलआर) से जुड़े ऋणों की हिस्सेदारी दिसंबर 2024 के अंत में 60.6 प्रतिशत (सितंबर 2024 के अंत में 59.4 प्रतिशत) थी, जबकि एमसीएलआर से जुड़े ऋणों की हिस्सेदारी 35.9 प्रतिशत (सितंबर 2024 के अंत में 36.9 प्रतिशत)[1] थी।

**जमा ब्याज दरें:**

- एससीबी की मीयादी जमाओं पर भारित औसत घरेलू मीयादी जमा दर (डब्ल्यूएडीटीडीआर) जनवरी 2025 में 6.56 प्रतिशत की तुलना में फरवरी 2025 में 6.48 प्रतिशत रही।
- एससीबी की बकाया रुपया मीयादी जमा पर भारित औसत घरेलू मीयादी जमा दर (डब्ल्यूएडीटीडीआर) फरवरी 2025 में 7.02 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रही।[1]

**अजीत प्रसाद**
उप महाप्रबंधक (संचार)

**प्रेस प्रकाशनी: 2024-2025/2477**

[1] बैंक के साथ गैर-बैंक के विलय के प्रभाव को आंकड़ों में शामिल नहीं किया गया है।